Amar Ujala 27-05-2026

**तैयारी** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की बैठक में लिया फैसला

# स्कूलों में निशुल्क होगी कॅरिअर काउंसलिंग

**अमर उजाला ब्यूरो**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को शिक्षा बोर्ड कार्यालय धर्मशाला में एक वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में शिक्षा बोर्ड के सचिव, अकादमिक शाखा के अधिकारियों एवं अन्य बोर्ड अधिकारियों ने भी भाग लिया।

डॉ. शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कॅरिअर काउंसलिंग कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप उचित करियर मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कॅरिअर गाइडेंस के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट से संबंधित प्रशिक्षण एवं गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान किए जा सके।



**कॅरिअर गाइडेंस के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट से संबंधित गतिविधियों से जुड़ेंगे विद्यार्थी**

बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यान्वयन प्रक्रिया एवं विद्यालय स्तर पर इसकी प्रभावी व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

Divya Himachal 27-05-2026

# करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम शुरू करेगा शिक्षा बोर्ड


**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कार्यालय, धर्मशाला में मंगलवार को एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बोर्ड अध्यक्ष डा. शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा बोर्ड प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप उचित करियर मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना है। बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यान्वयन प्रक्रिया एवं विद्यालय स्तर पर इसकी प्रभावी व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

Dainik Jagran 27-05-2026

# सरकारी स्कूलों में काउंसलिंग करियर कार्यक्रम होंगे आरंभ

**जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा बोर्ड कार्यालय, धर्मशाला में एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा बोर्ड के सचिव, अकादमिक शाखा के अधिकारियों एवं अन्य बोर्ड अधिकारियों ने भी भाग लिया। डा. शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए निश्शुल्क करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप उचित करियर मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस के साथ स्किल डेवलपमेंट से संबंधित प्रशिक्षण एवं गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा।

# सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क करियर काउंसलिंग एवं स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में शिक्षा बोर्ड की पहल



**धर्मशाला, ( आपका फैसला )।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड , धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में आज शिक्षा बोर्ड कार्यालय, धर्मशाला में एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शिक्षा बोर्ड के सचिव, अकादमिक शाखा के अधिकारियों एवं अन्य बोर्ड अधिकारियों ने भी भाग लिया। डॉ. शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा बोर्ड प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क करियर काउंसलिंग कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप उचित करियर मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट से संबंधित प्रशिक्षण एवं गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान किए जा सकें। बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यान्वयन प्रक्रिया एवं विद्यालय स्तर पर इसकी प्रभावी व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# पुनर्मूल्यांकन, पुनः निरीक्षण एवं सितंबर-2026 सत्र हेतु आवेदन प्रक्रिया की जानकारी जारी

**जागो ! धर्मशाला/ राकेश कुमार**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (HPSOS) के अंतर्गत मार्च-2026 में आयोजित कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओ के परिणाम दिनांक 25 मई 2026 को औपचारिक रूप से घोषित कर दिए गए हैं।उन्होंने बताया कि कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 61.06 प्रतिशत, कक्षा 10वीं का 54.66 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 64.57 प्रतिशत दर्ज किया गया है। डॉ. शर्मा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का परिणाम Re-appear अथवा Pass घोषित हुआ है और जो सितंबर-2026 सत्र के लिए Re-appear या Improvement Examination (within 1 year) हेतु आवेदन करना चाहते हैं, वे अपने संबंधित HPSOS अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क आवेदन करने की अवधि 05-06-2026 से 30-06-2026 तक निर्धारित की गई है, जबकि ₹1000 विलंब शुल्क सहित आवेदन 01-07-2026 से 13-07-2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथियों के बाद आवेदन की तिथि में किसी प्रकार का विस्तार नहीं किया जाएगा।बोर्ड अध्यक्ष ने आगे बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन (Re-evaluation) तथा कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के अभ्यर्थी पुन: निरीक्षण (Re-checking) हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल संबंधित HPSOS अध्ययन केंद्रों के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। पुनर्मूल्यांकन हेतु ₹1000 प्रति विषय तथा पुन: जाँच हेतु ₹800 प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10-06-2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है तथा पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी भाग का ही किया जाएगा, जिसमें MCQ प्रश्न शामिल नहीं होंगे।डॉ. शर्मा ने कहा कि अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु अभ्यर्थी कार्यालय समय में बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।"कुल मिलाकर, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित एचपीएसओएस (HPSOS) के ये परीक्षा परिणाम राज्य में मुक्त विद्यालय शिक्षा प्रणाली की वर्तमान स्थिति को दर्शाते हैं, जहाँ आठवीं में 61.06%, दसवीं में 54.66% और बारहवीं में 64.57% छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। यह परिणाम उन अभ्यर्थियों के लिए आत्म-मंथन और सुधार का एक बड़ा अवसर लेकर आया है जो किसी कारणवश अपनी उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर लगातार नजर बनाए रखें।



डॉ. राजेश शर्मा